# राइजिंग राज. ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से तीव्र औद्योगिक विकास होगा : पटेल

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के संवेदनशील एवं कुशल नेतृत्व में विकसित एवं अठाणी राजस्थान बनाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' से प्रदेश में बड़ी मात्रा में निवेश आयेगा। इस समिट से प्रदेश के तीव्र औद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा और साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को दुन्दाड़ा में दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

पटेल ने कहा दीपावली का पर्व सम्पूर्ण देश में शांति,सौहार्द एवं प्रेम भाव के साथ मनाया गया। ईश्वर सभी प्रदेशवासियों को सुख-समृद्धि एवं आरोग्य प्रदान करें।

पटेल ने कहा युवाओं के रोजगार के लिए प्रदेश सरकार ने रोडमैप तैयार कर इस वर्ष एक लाख एवं आगामी 5 वर्षों में चार लाख सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने युवा हितों को ध्यान में रखकर प्रदेश पेपर लीक गिरोह पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

साथ ही भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संपादित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही भी की जा रही है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा मार्च 2025 तक चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ के पदों पर लगभग 52000 कार्मिकों के नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा वर्षों से लंबित 'ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट' (ईआरसीपी) से और यमुना जल समझौते का कार्य पूर्ण हो चुका है। शीघ्र ही इन परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा जिससे पूर्वी राजस्थान को पेयजल एवं सिंचाई सुविधा और शेखावाटी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

साथ ही लिफ्ट केनाल के तृतीय फेज का कार्य पूर्ण होने पर जोधपुर,पाली एवं बाड़मेर जिले में पेयजल समस्या का स्थाई समाधान होगा।

पटेल ने कहा प्रदेश सरकार कृषि एवं किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली 6000 रुपए को राज्य सरकार ने बढ़ाकर 8000 रुपये कर दिया है।

पटेल ने कहा क्षेत्र के किसानों भाइयों को कृषि आदान-अनुदान की राशि शीघ्र उनके खातों में जमा की जाएगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मूंग एवं बाजरा की फसल के बीमा क्लेम के संबंध में जिला स्तरीय समिति में किसानों के पक्ष में फैसला हो चुका है और प्रकरण राज्य स्तरीय समिति के समक्ष लंबित है। राज्य स्तर पर किसानों के हित में निर्णय करवाकर बीमा क्लेम दिलाया जाएगा।

कार्यक्रम में राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, पूर्व राजस्व मंत्री अमराराम चौधरी, पूर्व विधायक सिवाना कान सिंह कोटड़ी, पूर्व विधायक भोपालगढ़ पुखराज गर्ग सहित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कब्रिस्तान के विकास के संबंध में चर्चा की



जालोर की मिया मोटन शाह दरगाह में स्वरूपुरा रोड स्थित कब्रिस्तान के विकास को लेकर बैठक का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के मियां मोटन शाह दरगाह परिसर में स्वरूपुरा रोड स्थित कब्रिस्तान की नवीन कार्यकारिणी के गठन को लेकर रविवार को रंगरेज, चुडीगर, खैरादी, सोरगर (अंसारी) समाज की बैठक संयोजक शकूर राणा की उपस्थिति में आयोजित की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में समाज के लोगों ने सर्व सहमति से कब्रिस्तान के विकास को लेकर कई निर्णय लिये गये।

बैठक में आगामी दिनों में नवीन कमेटी का गठन करने पर विचार विमर्श किया गया।

कब्रिस्तान में फैली हुई अव्यवस्था को दूर करने, नवीन कमेटी का रजिस्ट्रेशन करने, विद्युत कनेक्शन जुडवाने, कब्रिस्तान के सौदर्न्यकरण व रख रखाव करने, आवारा पशुओं को कब्रिस्तान में आने से रोकने, कब्रिस्तान में आ रहे गंदे पानी का समाधान करने सहित अन्य कब्रिस्तान के विकास के मुद्दों पर चर्चा कर सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में रंगरेज जुबेर अली, जाकिर अली अंसारी, लियाकत अंसारी, कालू भाई चुडीगर, रंगरेज न्याज मोहम्म्द, आबिद हुसैन, शहजाद अली चुडीगर, फरदीन खान, अल्ताफ हुसैन, अल्लानूर, नियामत रंगरेज, शाकीर अली, आबिद अली चुडीगर, मोहम्मद उमर, मोहम्मद ईमरान, मोहम्मद हनीफ रंगरेज, रंगरेज नूर मोहम्मद, रंगरेज अमजद, अयुब चुडीगर इत्यादि समाज के लोग उपस्थित थे।

## जोधपुर के कई क्षेत्रों में जलापूर्ति कल बंद रहेगी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के फिल्टर प्लांट, पम्प हाउस, पाईप लाईनों के अति आवश्यक रख रखाव व सफाई के लिये 5 नवंबर को जोधपुर शहर के समस्त फिल्टर हाउस से सभी क्षेत्रों मे जलापुर्ति बन्द रहेगी । जोधपुर शहर के कायलाना, चौपासनी व सुरपुरा फिल्टर हाउस से संबन्धित सभी क्षेत्रों में 5 नवंबर को होने वाली जलापूर्ति 6 नवंबर को तथा 6 नवंबर को होने वाली जलापूर्ति 7 नवंबर को की जावेगी।

■ फिल्टर प्लांट, पम्प हाउस, लाईनों का कायर्य किया होगा

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत जोधपुर के अधीक्षण अभियंता मनोज भवण ने बताया कि झालामण्ड एव तख्त सागर फिल्टर हाउस से जुडे क्षेत्र सरस्वती नगर,एवं कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड के विभिन्न सेक्टरों एवं पाल बाईपास, शिल्पग्राम के आस पास क्षेत्रो में 5 नवंबर को सुबह 10:00 बजे तक की जाने वाली जलापूर्ति सामान्य रुप से होगी तथा इन क्षेत्रों में 6 नवंबर को की जाने वाली जलापूर्ति 7 नवंबर को एवं 7 नवंबर को की जाने वाली जलापूर्ति 8 नवंबर को होगी।

# शहजाद खान का स्वागत



जालोर में राष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाज जगदीश आर्य ने नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शहजाद खान का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के वीरमदेव चौक में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जालोर का जिलाध्यक्ष शहजाद खान के बनने पर पूर्व पार्षद एवं राष्ट्रीय मुक्केबाज जगदीश आर्य व अंबिका स्वीट के नारायण लाल प्रजापत ने रविवार को माला व साफा पहना कर स्वागत किया।

शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर जिला चिकित्सालय जालोर के नर्सेज के प्रति सेवा भाव व समर्पण को देखते हुए नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। खान हमेशा सेवाभावी होने से आमजन, समाज सेवा , सेवा के कार्यो के अलावा, पर्यावरण संरक्षण,पशु पक्षीयो के सेवा कार्य में बढ चढकर हिस्सा लेते हैं। शहजाद खान के जिलाध्यक्ष बनने पर आर्य समाज प्रधान दलपत सिंह आर्य ने भी उनका माला, साफा पहनाकर स्वागत किया। शहजाद खान ने स्वागत करने पर सभी का आभार जताया।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद अयूब शेख, इंसाफ अली, लियाकत अली, सिराजुद्दीन खान, साबिर खान, मुस्ताक खान, इरफान खान, असलम डी, बरकत अली, अरमान अली, इशरत अली, खुर्शीद अहमद ,अफजल मंडोरी, कासम खान, हब्शी आमिर अली, इकबाल खान, राजु खान मौजूद थे।

## श्याम सहारा के भजन आज

**पाली**, (नि.सं.)। श्री श्याम सहारा परिवार पाली द्वारा आयोजित "कीर्तन की रात मेरे श्याम के साथ" आज शाम को होने जा रहा है, जिसमें श्याम जगत के मशहूर भजन प्रवाहक राज परिक कोलकता अपने भजनों से बाबा श्याम को रिझाएंगे।

इस कीर्तन में बाबा श्याम का श्रृंगार खाटू धाम मे स्थित श्याम मंदिर के तर्ज पर किया जा रहा है। जिसमें कोलकाता से आए विशेष फूलों से बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस कीर्तन की तैयारी में पिछले 3 महीने से श्री सहारा परिवार पाली के सदस्य निशांत लोहिया , राजा बंजारा , चेतन चावड़ा, अमित चावड़ा , गुलशन आडवाणी , अक्षाय दवे, कुसलश्रेष्ट पंवार , योगेश कुमा, अनिल कुमार, सूरज सेन, कपिल आइलानी, हितेश भागवानी,अर्जुन गहलोत, नेहा लोहिया आदि जुटे हुए हैं।

# भाई दूज का पर्व मनाया



भाई दूज के पर्व पर बहिन ने अपने भाई के तिलक लगाकर मुंह मीठा करवाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भाई दूज का त्योहार रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन बहिनों ने अपने भाइयों के तिलक लगाकर मुंह मीठा करवाया।

बहिनों ने भाइयों के संग अपनी भाभियों को अपने ससुराल में निमंत्रण दे कर खाना खिलाया और तिलक लगाया। जैसलमेर में यह पर्व परंपरागत रुप से मनाया जाता रहा है। मूल रूप से भैयादूज पर्व पर यमुना स्नान, यम पूजन और बहिन के घर पर भाई का भोजन करवा कर मनाया जाता है।

शास्त्रीय मत के अनुसार भैयादूज के दिन मृत्यु के देवता यमराज की पूजा होती है। भैयादूजके दिन को श्रद्धापूर्वक मनाने से भाई की आयु वृद्धि और बहिन को सौभाग्य सुख की प्राप्ति होती है। कन्याएं और महिलाएं सुबह जल्दी उठी और सज संवरकर मंदिरों के दर्शन करने पहुंची। जैसलमेर के लक्ष्मीनाथ सहित सभी मंदिरों में भारी भीड़ रही। बाद में बाजार से मिठाई खरीदी गई।

बहिनों ने भाइयों को शुभ मुहूर्त में तिलक लगाया। भाइयों ने अपनी लाडली बहिनों को उपहार भेंट किए। छोटी छोटी बालिकाओं में भी उत्साह नजर आया। भैया दूज के पर्व पर बहिनों ने भाइयों के तिलक कर भाइयों की लंबी उम्र की कामना की। यह त्योहार भाई बहिन के बीच परस्पर स्नेह को बढ़ाता है। तिलक में श्रीलक्ष्मी का वास माना जाता है। अक्षत पवित्रता का प्रतीक है।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**बालोतरा**, (नि.सं.)। अर्श-पर्श हाइवे बालाजी बास्केटबॉल प्रतियोगिता सीजन -3 का उदघाटन शनिवार रात्रि एस.एन. वोहरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसोल के बास्केटबॉल मैदान संख्या-2 पर हुआ।

आयोजक ललित कच्छवाह ने बताया कि प्रतियोगिता इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों के 70 खिलाडी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में बालोतरा प्रधान भगवत सिंह जसोल, जसोल सरपंच ईश्वर सिंह चौहान, पूर्व प्रधान कल्याणपुर हरि सिंह उमरलाई, मेवानगर सरपंच श्याम सिंह राठौड़, माजीसा मित्र मंडल जसोल अध्यक्ष रमेश भंसाली, भामाशाह महेंद्र वोहरा, बास्केटबॉल संरक्षक हरचंद सोलंकी मंचासीन रहे। अतिथियों के स्वागत के पश्चात ट्रॉफी का विमोचन किया गया।

प्रतियोगिता का उदघाटन मैच भरका देवी लेजेंड व भावना क्लब के बीच खेला गया। जिसमें भावना क्लब 48-42 से विजेता रही। भावना क्लब की ओर से किशन ने सर्वाधिक अंक बनाये। दूसरा मैच जसोल पैंथर व रेशमा क्लब के बीच खेला गया जिसमें रेशमा क्लब 74-43 से विजेता रही। रेशमा क्लब की ओर से ईशांत गहलोत ने सर्वाधिक अंक बनाए। प्रतियोगिता के समस्त खिलाड़ियों के लिए बास्केटबॉल जर्सी की व्यवस्था जसोल सरपंच ईश्वर सिंह चौहान द्वारा की गई है।

# रांकावत समाज गोड़वाड़ की क्रिकेट प्रतियोगिता 5 से



बिरामी संस्था व अखिल भारतीय गोड़वाड़ संभाग के संयुक्त तत्वावधान में 5 से 9 नवंबर को कोसेलाव में हो रही रांकावत समाज गोड़वाड़ की दशम क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारी की। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। रांकावत समाज गोड़वाड़ की दशम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बिरामी संस्था व अखिल भारतीय गोड़वाड़ संभाग के संयुक्त तत्वावधान में 5 से 9 नवंबर 2024 को हाईस्कूल मैदान कोसेलाव में रखा गया है। जिसमें गोड़वाड़ समाज की विभिन्न संस्थाओं से 15 टीमें भाग लेंगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियागिताा की पूर्व तैयारियों में संस्था अध्यक्ष शंकरलाल, संभागीय अध्यक्ष भैंरूदास, संयोजक रामदास, खेल मंत्री प्रवीणकुमार , सभा अध्यक्ष कांतिलाल, मंत्री कल्याणदास, भंवरदास, रतनदास, मांगीलाल सहित कई कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। प्रतियोगिता के कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत पांच नवंबर को प्रात: 9 बजे से होगी।

## पीपा क्षत्रिय समाज का सामूहिक विवाह समारोह 12 को

**जोधपुर**, (कासं)। श्री समस्त पीपा क्षत्रिय समाज का 21 वा सामूहिक विवाह समारोह 12 नवंबर, मंगलवार कार्तिक सुदी ग्यारस तुलसा ग्यारस को राधाकृष्णन पुरम योजना प्रशासनिक भवन के सामने लहरिया रिसोर्ट के पास आयोजित होगा।

सामूहिक विवाह समारोह को लेकर समाज के लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। इस बार 34 जोड़ िका पंजीयन हुआ है

ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि ने बताया कि सम्पूर्ण सामूहिक विवाह दिन में आयोजित किये जायेंगे।

जानकारी के अनुसार सम्पूर्ण सामूहिक विवाह का आयोजन का व्यय समाज द्वारा वहन किया जाता है। इससे समाज में विवाह समारोह में अनावश्यक व्यय से बचने का संदेश समाज में पहुंचता है।

सामूहिक विवाह के पत्रिका विवोचन में कार्यकारिणी सदस्य अजाराम टाक, मोहनलाल सोलंकी, दिलीप सोलंकी, नरेंद्र कुमार सोलंकी, दुर्गा राम पवार, सियाराम तवर, गजेंद्र चौहान, पृथ्वी राज चौहान आदि ट्रस्ट व समाज के प्रबुद्ध जन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में जुटे हुए हैं।

# पीर दूल्लेशाह चोटिला के मेले में कव्वालों ने बांधा समां

**पाली**, (नि.सं.)। चोटिला गांव में स्थित पीर दूल्हे शाह दरगाह का तीन दिवसीय उर्स में शनिवार को जायरीनों ने पीर दूल्ले शाह की मजार पर चादर और अकीदत के फूल चढ़ाकर देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ की। दीपावली के दूसरे दिन शुरू हुए इस उर्स में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

पूरे दरगाह परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। इस मौके पर पगड़ी बंध कव्वाल रईस मियां, तौफीक रिजवान ने कव्वालियों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

मुख्य अतिथि पाली विधायक भीमराज भाटी, दिव्या मदेरणा और अरुण शर्मा, जैसलमेर शामिल हुए। मेला संयोजक सदर अमजद अली रंगरेज, मेला संयोजक नूर अली रंगरेज, सचिव हाजी तुराब अली रंगरेज ने बताया कि एक माह पहले इसकी तैयारियां शुरू की गई थी।

## सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात किया

सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। रविवार शाम को तीन दिवसीय मेला का समापन बताया गया।


बता दें कि मेले में पाली, जालोर, सिरोही, जोधपुर सहित प्रदेश भर से बड़ी संख्या में मोमिन परिवार सहित यहां आते है। औसतन 10 हजार से ज्यादा लोग मेले में शिरकत करते है।

पीर दूल्हेशाह मेले में झूले व हॉट बाजार सजाया गया। मेले में आने वाले जायरीनों ने मेले में झूलों का लुफ्त उठाया और हाट बाजार से खरीददारी करते हुए नजर आए। मेले में विभिन्न तरह की दुकानें सजाई गई थी।

जायरीन खरीददारी करते हुए विभिन्न तरह के व्यंजनों का स्वाद चखते नजर आए।

पीर दुल्हेशाह बाबा का तीन दिवसीय मेला को रोशनी से सजाया गया। मेले में आए झूलों पर भी रंग बिरंगी लाइटें लगाकर झूलों को भी सजाया गया था। बच्चों से लेकर बड़े यहां झूला झूलते नजर आए। पीर दुल्हेशाह मेले को लेकर पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में जुटे नजर आए।

पीर दुल्हेशाह बाबा के मेले में पहुंचने वाले जायरीन बाइक, टैक्सी, कारों से पहुंचे। ऐसे में यहां वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारें लगी नजर आई।



चोटिला गांव में स्थित पीर दूल्हेशाह दरगाह परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया। फोटो-राष्ट्रदूत

## लाभार्थी परिवारों का बहुमान किया

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। छाजेड़ परिवार मण्डल बाड़मेर की ओर से दीपावली के पावन पर्व पर स्नेह मिलन समारोह स्थानीय जैन न्याति नोहरे में रविवार को सम्पन्न हुआ।

छाजेड़ परिवार मण्डल बाड़मेर के अध्यक्ष केवलचन्द छाजेड़ व महामंत्री प्रकाशचन्द छाजेड़ ने बताया कि छाजेड़ परिवार मण्डल द्वारा 18 वर्षो से लगातार हर दिपावली पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी रविवार को छाजेड परिवार मण्डल के तत्वावधान में लाभार्थी ओमप्रकाश, कपिलकुमार, मनोजकुमार बेटापोता केवलचन्द केशरीमल छाजेड़ परिवार महाबार वालों द्वारा सभी छाजेड़ भाईयो का स्नेह मिलन समारोह में स्नेह भोज आयोजित किया गया। जिसमें प्रात: 11.00 बजे द्वीप प्रज्जवलन व भुवाल माताजी की आरती व लाभार्थीयो का अभिनन्दन उसके बाद 12.00 बजे से स्नेह भोज का आयोजन हुआ, जिसमें आगामी 2025 के स्नेह मिलन के बहुमान के लाभार्थी, जय जिनेन्द्र व 2029 तक के स्नेह मिलन प्रीतिभोज लाभार्थी परिवारों की घोषणा छाजेड़ भाईयो की उपस्थिति में की गई।

# ब्यूटी पार्लर की मालकिन अनीता की हत्या का आरोपी फरार

**जोधपुर**, (कासं)। ब्यूटी पार्लर की मालकिन अनीता की हत्या की गुत्थी और उलझती जा रही है। हत्या के आरोपी की तलाश में पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की है।मगर वह चार दिन गुजरने के बाद भी पुलिस की पकड़ में नहीं आया है।मामले में प्रॉपर्टी डीलर और डॉक्टरों के शामिल होने की बात सामने आ रही है।

रविवार को अनीता का दुकान से निकल कर रिक्शे में बैठते हुए कह सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वह पीले सूट में हाथ में बैग लिए रिक्शे में बैठती नजर आ रही है। लाश के पास ये बैग पुलिस को बरामद नहीं हुआ।

इससे पहले आए ऑडियो की पुष्टि अनीता के पति मनमोहन ने की है। इसमें सहेली सुमन कह रही है कि दीदी के पास ऐसा कुछ था जिसके कारण उनकी हत्या कर दी गई। फिलहाल मामले को लेकर पुलिस कुछ कहने से बच रही है। आरोपी गुलामुद्दीन फरार है जबकि उसकी पत्नी आबिदा परवीन को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया था।

31 अक्टूबर को पुलिस को जोधपुर के गंगाना में महिला शव जमीन में गढ्ढा होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने गड्ढा खुदवाया तो महिला की लाश मिली। इस लाश को 6 टुकड़ों में काटा गया था। पुलिस ने पड़ताल की तो पास ही के घर में रहने वाले गुलामुद्दीन और उसकी पत्नी आबिदा पर शक गया। गुलामुद्दीन घर से फरार था और पत्नी से पूछताछ की तो लूट और हत्या के मामले का खुलासा हुआ।

वहीं गुलामुद्दीन का भी सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगा है। इसमें वह एक्टिवा पर बैठकर जाता हुआ नजर आ रहा है। गुलामुद्दीन का सीसीटीवी फुटेज जोधपुर रेलवे स्टेशन के पास का है। यहां एक दुकान से उसने बैग भी खरीदा था। हालांकि चार दिन गुजरने के बाद भी पुलिस गुलामुद्दीन को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस की पूछताछ में आबिदा ने बताया है कि इस हत्याकांड के बारे में उसे कुछ भी पता नहीं है। वह अपने पीहर गई हुई थी। इसमें कौन शामिल है, हत्या कैसे हुई है। उन सभी के बारे में गुलामुद्दीन को सब पता है। पति मनमोहन का कहना है कि अनीता ने उस दिन ज्यादा गहने नहीं पहने थे। वह एक चेन और अंगूठी पहन कर ब्यूटी पार्लर गई थी।

अनीता के पति मनमोहन ने बताया कि अनीता की गुमशुदगी के बाद उसकी सहेली सुमन ने मुझे कॉल किया था। उसकी रिकॉर्डिंग है और आज भी मेरे पास है। हत्या में तैयब अंसारी और अन्य लोगों का हाथ होने की बात की थी। अनीता के पास कुछ ऐसा था जो तैयब अंसारी की इमेज डैमेज कर सकता था। सुमन ने कहा भी था कि यह काम तैयब का हो सकता है। उन्होंने बताया कि रिकॉर्डिंग 27 अक्टूबर की है। सुमन को मैंने कहा था कि तुम्हारे पास जो भी राज है वह तुम लिखकर रख लो।

अनीता मर्डर केस में तैयब अंसारी का नाम सामने आ रहा है। तैयब अंसारी पाली जिले का एक प्रॉपर्टी डीलर है। जानकारी के अनुसार राजनीतिक दलों से भी अंसारी की अच्छी सांठ-गांठ है। मारवाड़ के इलाकों में विवादित प्रॉपर्टी को लेकर कई बार तैयब अंसारी का नाम सामने आ चुका है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।